हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, बुधवार, 8 जुलाई 2026
[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

2 सड़क सुरक्षा पर शोधः राष्ट्रपति पुलिस पदक प्राप्त ट्रैफिक मैन महेश बने डॉक्टर



## खबर संक्षेप

### जिपं सभाकक्ष में दिशा समिति की बैठक आज

**अम्बिकापुर।** दिशा समिति की बैठक 8 जुलाई को समय 11 बजे से सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की गई है। उक्त बैठक में सर्व संबंधितों को निर्धारित तिथि व समय पर उपस्थित होने कहा गया है।

### लाईवलीहुड कॉलेज में कौशल प्रशिक्षण हेतु आवेदन आज से

**अम्बिकापुर।** प्राचार्य सह नोडल अधिकारी जिला परियोजना लाइवलीहुड कॉलेज ने बताया कि लाईवलीहुड कॉलेज अम्बिकापुर में वर्ष 2026-27 हेतु पंजीकृत कोर्स असिस्टेन्ट मेशन (सहायक राजमिस्त्री) एवं असिस्टेन्ट इलेक्ट्रिशियन (सहायक बिजली मिस्त्री) में प्रशिक्षण प्रारम्भ होने जा रहा है। पंजीकृत कोर्स में प्रशिक्षण लेने हेतु इच्छुक हितग्राही 8 जुलाई से 20 जुलाई तक सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे के बीच लाईवलीहुड कॉलेज में स्वयं उपस्थित होकर आवेदन जमा कर सकते हैं।

### नशे के कारोबारी को दस साल का कारावास

**अंबिकापुर।** नशे के सौदागर के खिलाफ कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। कोर्ट ने आरोपी को दस साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है इसके साथ ही एक लाख रूपए का जुर्माना भी लगया है। न्यायालयीन सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रायगढ़ के लैलूंगा तारागढ़ निवासी 32 वर्षीय नूर मोहम्मद उर्फ नूर हसन कादरी आ. गुलाम अली को पुलिस ने दरिमा मोड़ के पास पकड़ा था। आरोपी अपनी बैक क्रमांक सीजी 15 एमसी 9120 से ग्राहक का इंतजार कर रहा था। पुलिस ने जब घेराबंदी कर संदेही को पकड़ा और उसकी तलाशी ली तो नूर मोहम्मद उर्फ नूर हसन के पास से 17 नग कप सिरप और 63 नग इंजेक्शन बरामद किया गया था। पुलिस ने पुलिस ने आरोपी को 8 नवम्बर 2020 को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इस मामले में 7 जुलाई को विशेष न्यायादीश एनडीपीएस एक्ट अतुल कुमार श्रीवास्तव के कोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान शासन की ओर से विशेष लोक अभियोजक नरेंद्र कुमार पाण्डेय ने पैरवी की। कोर्ट ने मामले में आरोपी नूर मोहम्मद उर्फ नूर हसन कादरी आ. गुलाम अली को दोषी मानते हुए धारा 21 सी एनडीपीएस एक्ट के तहत 10 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही एक लाख रुपए का जुर्माना लगाया है।

### पचिरा में चलाया गया नशा मुक्ति अभियान, किया गया पौधरोपण

**पचिरा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर के निर्देश पर जिले को नशा मुक्त बनाने के उद्देश्य से विशेष जन जागरूकता अभियान लगातार चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में ग्राम पंचायत पचिरा में नशे को ना कहे जिंदगी को हां कहे का संकल्प दिलाते हुए एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों, शिक्षकों, छात्र-छात्राओं और जनप्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उपस्थित सभी लोगों ने नशे से दूर रहने और समाज को नशा मुक्त बनाने का संकल्प लिया। पुलिस विभाग द्वारा जिले की 156 ग्राम पंचायतों में विशेष अभियान चलाकर लोगों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

# लक्ष्मी नारायण हॉस्पिटल के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- पेट दर्द की शिकायत पर गया था मरीज, लगाए गये दो स्टंट, ली गई 1.60 लाख नगद राशि
- नगद राशि लेने के बाद भी आयुष्मान कार्ड से आहरित कर लिया डेढ़ लाख रूपए

सरगुजा के निजी अस्पतालों में आयुष्मान कार्ड के नाम पर बड़े पैमाने पर धोखाधड़ी का खेल चल रहा है। हॉस्पिटल संचालक मरीजों के परिजन से आयुष्मान कार्ड जमा करा रहे है और कार्ड ब्लॉक होने का हवाला देकर उनकी मजबूरी का फायदा उठाते हुए नगदी भुगतान करा रहे है। नगदी राशि लेने के बाद अस्पताल प्रबन्धन द्वारा धोखे से आयुष्मान कार्ड से भी राशि आहरित कर ली जा रही है। अस्पताल में मरीज और उनके परिजन को लूटने का यह खेल बड़े लम्बे समय से चल रहा है। ऐसा ही एक मामला शहर के लक्ष्मी नारायण हॉस्पिटल में सामने आया है। विवादों में रहने वाले लक्ष्मी नारायण हॉस्पिटल में मरीज से डेढ़ लाख रूपए से अधिक की राशि धोखे से कार्ड से आहरित कर ली गई। अब इस मामले में परिजन की शिकायत के बाद कोतवाली पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है।

बताया जा रहा है कि बलरामपुर जिले के रघुनाथनगर गिरवानी निवासी विवेक जायसवाल आ. शम्भू प्रसाद द्वारा अपने बड़े पिता राजेन्द्र प्रसाद जायसवाल को 17 अप्रैल को पेट में दर्द की शिकायत पर गुदरी चौक स्थित लक्ष्मी नारायण



हॉस्पिटल में लेकर गया हुआ था। अस्पताल में जांच के दौरना डॉक्टर ने विवेक को बताया कि राजेन्द्र प्रसाद जायसवाल के नसों में ब्लाकेज आ गया है और इलाज के लिए एंजियोप्लास्टिक के प्रक्रिया से तीन स्टंट लगाया जाएगा। इस दौरान प्रबंधन ने युवक को बताया कि उपचार के खर्च का भुगतान वह आयुष्मान कार्ड से भी कर सकता है।

### लगातार गुमराह करता रहा प्रबन्धन

आरोप है कि अब तक मरीज को सिर्फ दो स्टंट ही लगे है और तीसरा स्टंट लगाना शेष है। इस दौरान उन्हें पता चला कि लक्ष्मी नारायण हॉस्पिटल प्रबंधन ने मरीज राजेन्द्र प्रसाद जायसवाल के आयुष्मान कार्ड से भी 1 लाख 50 हजार 460 रूपए का भुगतान कर लिया गया। पहले से ही एक लाख साठ हजार का भुगतान होने के बाद धोखे से आयुष्मान कार्ड से राशि आहरित होने की जानकारी लगने के बाद जब विवेक जायसवाल ने प्रबंधन से संपर्क किया तो प्रबंधन उन्हें लगातार गुमराह करता रहा। अस्पताल प्रबंधन ना ही कोई बिल दे रहा था और ना ही सही जानकारी दे रहा था। ऐसे में युवक ने मामले की शिकायत पुलिस से की। जांच में धोखाधड़ी की पुष्टि होने के बाद कोतवाली पुलिस ने लक्ष्मी नारायण हॉस्पिटल के खिलाफ बीएनएस की धारा 318 (4) के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

### की जाएगी कार्रवाई

अस्पताल प्रबंधन द्वारा बोला गया कि उपचार का खर्चा आयुष्मान कार्ड से आहरित नहीं हो पा रहा है। परिवार से नगद राशि ली गई। बाद में प्रार्थी द्वारा पता किया गया तो पता चला कि अलग से आयुष्मान कार्ड से राशि का आहरण किया गया। इस मामले में कोतवाली पुलिस में अपराध दर्ज किया गया है अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ। विवेचना के बाद कार्रवाई की जाएगी।

-अमोलक सिंह ढिल्लो
एएसपी सरगुजा

ऐसे में परिजन ने अस्पताल में ऑपरेशन कराने को सहमती देने के साथ ही मरीज के नाम का आयुष्मान कार्ड जमा किया।

आरोप है कि आयुष्मान कार्ड जमा करने के बाद प्रबंधन की ओर से बताया गया कि किसी वजह से कार्ड ब्लॉक हो गया है और नगद भुगतान करने पर उपचार किया जाएगा। चूंकि मरीज की मेडिकल स्थिति को देखते हुए डरे परिजन ने तत्काल अस्पताल में एक लाख साठ हजार रूपए का भुगतान दवाई सहित कर। इस दौरान मरीज के परिजन को भुगतान से संबंधित कोई भी रसीद नहीं दी गई।

### नहीं है जानकारी

मुझे इस संबंध में कोई जानकारी नहीं है। मै नहीं जानता।

-डॉ. प्रतीक खरे

## चेक कराया बाउंस, पुलिस ने दर्ज किया अपराध

# आरक्षक ने पत्नी के साथ मिलकर की महिला से 20 लाख रूपए की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**
- डीजीपी के हस्तक्षेप के बाद आरक्षक के खिलाफ अपराध दर्ज

पुलिस विभाग में पदस्थ आरक्षक पर अपने ही रिश्तेदार महिला से धोखा धडी करने के मामले में अपराध दर्ज हुआ है। डीजीपी के हस्तक्षेप के बाद आईजी, एसपी के निर्देश पर आरक्षक और उसकी पत्नी के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है। आरोपी पति पत्नी ने महिला से तीस लाख रुपए लिए लेकिन बाद में उन्होंने महज 10 लाख रूपए ही लौटाएं। शेष राशि देने के बदले उन्होंने महिला पर ही ब्याज लेने का आरोप लगाकर अपराध दर्ज करा दिया। अब इस मामले में डीजीपी, आईजी व एसपी के निर्देश पर अपराध दर्ज किया गया है। आरक्षक सीएसपी का वाहन चालक है। फिलहाल इस मामले में जांच चल रही है।

बताया जा रहा है कि गांधीनगर थाना अंतर्गत ग्राम पटपरिया निवासी महिला अनुपमा सिंह अपने दो बच्चों के साथ रहती है और मेक ओवर नाम से ब्यूटी पार्लर चलाने का काम करती है। प्रवीण प्रताप सिंह पुलिस विभाग में आरक्षक के पद पर पदस्थ है और उसकी पत्नी अल्का प्रताप सिंह महिला अनुपमा सिंह की रिश्तेदार है। महिला का आरोप है कि रिश्तेदारी का फायदा उठाकर दोनों ने जमीन खरीदने के नाम पर वर्ष 2023 में 30 लाख रूपए उधार में लिए थे। इस दौरान उन्होंने महिला को बताया था कि लोनिवि में उनका 75 लाख रूपए का काम बकाया है और उसकी राशि मिलने पर वे उधार का भुगतान कर देंगे। रूपए लेने के बाद आरोपी रायपुर में जाकर होटल में रहने लगे और बताया कि वे लोनिवि से अपनी राशि निकालने में लगे हुए है राशि जारी होने के बाद वे भुगतान कर देंगे लेकिन उन्होंने राशि वापस नहीं की। लम्बे समय तक राशि नहीं मिलने पर जब महिला ने दबाव बनाया तो आरोपियों ने मार्च 2025 तक महज 10 लाख रूपए की राशि वापस की।

शेष राशि के लिए पति पत्नी ने महिला को दस दस लाख रुपे का चेक 5 जून 2025 व 13 जून 2025 को दिया था। लेकिन जब महिला ने अपने चेक को बैंक में लगाया तो चेक बाउंस हो गया।



सपत्निक आरोपी आरक्षक।

### दर्ज किया गया है अपराध

महिला द्वारा शिकायत दी गई थी कि आरोपियों से उनका पुराना जान पहचान था। पूर्व में उन्होंने महिला से 30 लाख रूपए लिया और बताया कि लोनिवि से उनकी राशि निकलनी है। पीडब्ल्यूडी से राशि मिलने के बाद वे कर्ज की राशी वापस कर देंगे। महिला द्वारा कई बार दबाव बनाने पर दस लाख दिया गया और शेष 20 लाख रूपए अब तक नहीं दिया गया। मामले में अपराध दर्ज कर विवेचना की जा रही है।

-अमोलक सिंह ढिल्लो
एएसपी सरगुजा

### करा दिया ब्याज वसूलने का केस

महिला अनुपमा सिंह का कहना है कि चेक बाउंस होने पर जब उन्होंने प्रवीण प्रताप सिंह व अल्का प्रताप सिंह के नाम पर नोटिस भेजा तो उन्होंने उल्टे महिला को फंसाने का प्रायस किया। आरोपियों ने यह बताया कि उन्होंने अपने परिवार की आमदनी बढ़ाने के लिए उधार में रकम लिया था जिसमें से अब सिर्फ 13 लाख रूपए ही शेष बचे है जिसे वे वापस करने को तैयार है लेकिन महिला ब्याज को लेकर विवाद कर रही है। प्रवीण प्रताप सिंह व उसकी पत्नी ने महिला के खिलाफ गांधीनगर थाना में अपराध दर्ज कराया और उल्टा झूठे केस में फंसाने की धमकी देते रहे। महिला का कहना है कि आरोपियों ने उसके साथ ही साथ मृत्युंजय गुप्ता से 10 लाख, विवेक तिवारी से 4.30 लाख व जगजीत सिंह से 4.50 लाख रूपए लेकर फर्जी चेक दिया और अब झूठे केस में फंसाने की धमकी दे रहे है। महिला की शिकायत पर पुलिस ने सीएसपी के वाहन चालक प्रवीण प्रताप सिंह और उसकी पत्नि अल्का प्रताप सिंह के विरूद्ध भादवी की धारा 420, 34 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

## नाबालिग से लैंगिक उत्पीड़न मामले में फूड इंस्पेक्टर व सहयोगी को 5-5 वर्ष की सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

जिले की फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट (पॉक्सो) ने नाबालिग बालिका से लैंगिक उत्पीड़न के मामले में तत्कालीन फूड इंस्पेक्टर निखिलेश टेम्भुर्ने एवं उसके सहयोगी शाहरुख को दोषी करार देते हुए दोनों को 5-5 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने दोनों पर अर्थदंड भी लगाया है तथा फूड इंस्पेक्टर द्वारा नाबालिग को अवैध रूप से नौकरी पर रखने एवं राशन कार्ड से जुड़े कार्यों में कथित अनियमितताओं की जांच के लिए कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी को निर्देश दिए हैं।



अभियोजन के अनुसार नाबालिग पीड़िता की माता ने थाना रामानुजगंज में शिकायत दर्ज कराई थी कि 11 जनवरी 2022 को तत्कालीन फूड इंस्पेक्टर निखिलेश टेम्भुर्ने ने उसकी नाबालिग पुत्री को अपने कार्यालय में काम पर रखा। आरोप था कि वह कार्यालय के कार्य के बहाने पीड़िता को अपने घर बुलाता था और उसके साथ अश्लील हरकतें करता था। पीड़िता के विरोध करने पर आरोपी उसे नौकरी से निकालने और परिवार को जान से मारने की धमकी देता था। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया कि पीड़िता ने घटना की जानकारी आरोपी के ड्राइवर एसआरके उर्फ शाहरुख को दी, लेकिन उसने भी आरोपी का साथ देते हुए पीड़िता को उसकी बात मानने के लिए कहा और नौकरी से निकालने की धमकी दी। मामले की विवेचना के बाद पुलिस ने न्यायालय में चालान प्रस्तुत किया। विशेष न्यायाधीश श्रीमती शुभ्रा पचौरी, अपर सत्र न्यायाधीश, फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट (पॉक्सो) ने सुनवाई के बाद निखिलेश टेम्भुर्ने को पॉक्सो अधिनियम की धारा 7,8 तथा भारतीय न्याय संहिता,भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं के तहत दोषी ठहराया। विभिन्न धाराओं में सुनाई गई सजाओं में अधिकतम 5 वर्ष के सश्रम कारावास एवं कुल 24 हजार रुपये ⏭ शेष पेज 4 पर

## एनएच-43 पर अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**बिश्रामपुर।** राष्ट्रीय राजमार्ग-43 पर अंबिकापुर-बिश्रामपुर मार्ग में जयनगर धान खरीदी केंद्र के समीप सोमवार देर रात हुए सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मौत हो गई। मृतक की पहचान संबलपुर (सेमरा) निवासी सत्येंद्र मानिकपुरी (20 वर्ष), पिता जगेश्वर मानिकपुरी के रूप में हुई है। घटना सोमवार 6 जुलाई की रात करीब 10:30 बजे की बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार सत्येंद्र मानिकपुरी सोमवार शाम करीब 6 बजे अपनी केटीएम बाइक क्रमांक सीजी 15 ई के 8902 से परिजनों को लटोरी जाने की बात कहकर घर से निकला था। देर रात तक घर नहीं लौटने पर उसके पिता ने दो बार मोबाइल पर संपर्क किया। सत्येंद्र ने फोन पर बारिश के कारण देर होने की बात कही थी। कुछ समय बाद परिजनों को मोबाइल के माध्यम से उसके सड़क दुर्घटना में घायल होने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने 108 एंबुलेंस को बुलाया। गंभीर रूप से घायल और खून से लथपथ अवस्था में युवक को तत्काल बिश्रामपुर अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण ⏭ शेष पेज 4 पर

# खराब मौसम में एक घंटे तक आसमान पर उड़ती रही दिल्ली की फ्लाइट

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- दृश्यता बढ़ने पर विलम्ब से हुई लैंडिंग

मूसलाधार बारिश के बीच सोमवार को दृश्यता कम होने के कारण मां महामाया एयरपोर्ट पर दिल्ली-अम्बिकापुर फ्लाइट की लैंडिंग नहीं हो सकी। मौसम साफ होने एवं दृश्यता बढ़ने के इंतजार में फ्लाइट एक घंटे तक आसपास के क्षेत्रों में आसमान पर उड़ान भरती रही। दृश्यता बढ़ने पर काफी विलम्ब से एयरपोर्ट पर हवाई जहाज की सुरक्षित लैंडिंग हुई तो अधिकारी-कर्मचारियों ने राहत की सांस ली।

सोमवार को एलाइंस एयर ने दिल्ली-अम्बिकापुर फ्लाइट के शेड्यूल में बदलाव किया था।



फ्लाइट दिल्ली से सुबह 7.20 बजे की जगह बदले शेड्यूल के अनुसार सुबह 11.20 बजे रवाना हुई। फ्लाइट बिलासपुर से शाम 5.15 बजे अम्बिकापुर पहुंची। इस दौरान आसमान पर घने बादल छाने एवं मूसलाधार बारिश होने के कारण दृश्यता कम होने के कारण मां महामाया एयरपोर्ट दरिमा पर फ्लाइट की लैंडिंग नहीं हो सकी। हवाई जहाज में अम्बिकापुर के 30 से अधिक यात्री सवार थे इसलिए चालक दल पर यात्रियों का दबाव भी था। इसके एक सप्ताह पूर्व भी एलाइंस एयर ने दिल्ली-अम्बिकापुर फ्लाइट का शेड्यूल बदला था तथा अम्बिकापुर में बारिश होने के कारण दरिमा एयरपोर्ट पर फ्लाइट की लैंडिंग नहीं हो सकी थी। फ्लाइट यात्रियों को लेकर वापस बिलासपुर लौट गई थी। इस दौरान यात्रियों ने जमकर हंगामा मचाया था। मौसम साफ होने एवं दृश्यता बढ़ने के इंतजार में फ्लाइट एक घंटे तक आसमान पर उड़ती रही। इस दौरान फ्लाइट मैनपाट, सीतापुर, राजपुर आदि क्षेत्रों के ऊपर उड़ान भरती रही इस दौरान दृश्यता बढ़ने पर एक घंटे विलम्ब से फ्लाइट की सुरक्षित लैंडिंग हुई तो अधिकारियों एवं यात्रियों ने राहत की सांस ली।

बरसात के मौसम में दोपहर बाद आसमान पर बादलों का घनत्व बढ़ने एवं बीच-बीच में बारिश होने की संभावना है। ऐसे में शाम में फ्लाइट की लैंडिंग पर विपरीत प्रभाव पड़ने की संभावना जताई जा रही है। संयोग रहा कि दोनों दिन फ्लाइट के शेड्यूल में बदलाव करने के कारण इस तरह की स्थिति निर्मित हुई।



## खबर संक्षेप

### प्रवेश के लिए 11 तक करें आवेदन

**बैकुण्ठपुर।** शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैकुंठपुर (पूर्ण आवासीय संस्था), जिला कोरिया में अनुसूचित जाति वर्ग के विद्यार्थियों के लिए कक्षा 6 वीं, 7 वीं, 8 वीं एवं 9 वीं की रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए आवेदन की तिथि जारी की गई है। इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थियों अपना आवेदन कर सकते है, आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 11 जुलाई निर्धारित की गई है। विद्यालय प्रबंधन द्वारा जारी सूचना के अनुसार प्रवेश के लिए चयन परीक्षा 14 जुलाई मंगलवार को आयोजित की जाएगी। परीक्षा प्रातः 11 बजे से प्रारंभ होगी।

### बरबसपुर में स्वच्छता चौपाल का आयोजन

**बरबसपुर।** स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छ एवं स्वस्थ गांव के निर्माण की दिशा में ग्राम पंचायत बरबसपुर में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 के अंतर्गत ग्राम पंचायत भवन में स्वच्छता चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, पंचायत पदाधिकारियों, शासकीय कर्मचारियों तथा काफी संख्या में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर स्वच्छता के प्रति अपनी सहभागिता दर्ज कराई। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन योजना के उद्देश्य, महत्व एवं प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। उपस्थित लोगों को बताया गया कि घरों एवं सार्वजनिक स्थानों पर निकलने वाले कचरे का वैज्ञानिक तरीके से पृथक्करण और प्रबंधन ही स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण की आधारशिला है। इस अवसर पर ग्रामीणों को चार प्रकार के कचरे गीला कचरा, सूखा कचरा, घरेलू हानिकारक कचरा तथा स्वच्छता संबंधी अपशिष्ट को अलग-अलग एकत्रित करने की प्रक्रिया का व्यवहारिक रूप से समझाया गया।

### कानफोड़ू मॉडिफाइड साइलेंसर जब्त

**मनेन्द्रगढ़।** जिले में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने एवं ध्वनि प्रदूषण पर प्रभावी नियंत्रण के लिए लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा है।
पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज दीपक कुमार झा एवं पुलिस अधीक्षक एमसीबी श्रीमती रत्ना सिंह के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन में सिटी कोतवाली मनेन्द्रगढ़ पुलिस द्वारा नगर के विभिन्न प्रमुख चौक-चौराहों एवं सार्वजनिक स्थानों पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान तीन बुलेट मोटरसाइकिल चालक मॉडिफाइड साइलेंसर लगाकर अत्यधिक तेज एवं पटाखे जैसी आवाज निकालते हुए वाहन चलाते पाए गए, जिससे आम नागरिकों को असुविधा एवं ध्वनि प्रदूषण हो रहा था। पुलिस द्वारा तीनों वाहन चालकों के विरूद्ध मोटरयान अधिनियम की धारा 182 अ (4) के तहत कार्रवाई करते हुए प्रत्येक पर 5,000 के हिसाब से कुल 15,000 का चालान किया गया। साथ ही वाहनों में लगे मॉडिफाइड साइलेंसर को अधिकृत मैकेनिक की सहायता से निकलवाकर जब्त किया गया ।

---

**यातायात जागरूकता पर शोध के लिए मिली पीएचडी की उपाधि**

**500 से अधिक शिविरों से 5 लाख लोगों को किया जागरूक**

# सड़क सुरक्षा पर शोध: राष्ट्रपति पुलिस पदक प्राप्त ट्रैफिक मैन महेश बने डॉक्टर

**बैकुण्ठपुर।** कोरिया जिले के खैरी गांव निवासी राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित ट्रैफिक मैन हवलदार महेश अब डॉ. महेश मिश्रा बन गए हैं।

संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय अंबिकापुर ने उन्हें यातायात नियमों के परिपालन संबंधी जागरूकता का अध्ययन छग राज्य के कोरिया जिले के विशेष संदर्भ में विषय पर किए गए शोध के लिए डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। डॉ. महेश मिश्रा का शोध सड़क सुरक्षा और यातायात अनुशासन से जुड़े व्यवहार, नियमों के पालन, दुर्घटनाओं के कारणों तथा जन-जागरूकता पर आधारित है। समाजशास्त्रीय दृष्टिकोण से किए गए इस शोध को सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम और सुरक्षित यातायात व्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। विशेष बात यह है कि डॉ. मिश्रा केवल शोध तक सीमित नहीं रहे, बल्कि पिछले दो दशकों से स्वयं के खर्च पर लगातार यातायात जागरूकता अभियान चला रहे हैं। अब तक वे 500 से अधिक जागरूकता शिविर आयोजित कर 5 लाख से अधिक



लोगों को यातायात नियमों, और सड़क सुरक्षा की जानकारी दे चुके हैं। उनके इस अभियान का नाम इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में भी दर्ज है। इस शोध कार्य का निर्देशन डॉ. रवीन्द्र नाथ शर्मा पीएचडी रसायन शास्त्र एवं समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष, समाजशास्त्र विभाग, श्री सांई बाबा आदर्श स्नातकोत्तर महाविद्यालय अंबिकापुर एवं संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय सरगुजा अंबिकापुर के समाजशास्त्र विषय के अध्ययन बोर्ड के अध्यक्ष द्वारा किया गया। वहीं शोध के बाह्य परीक्षक के रूप में प्रो.महेश शुक्ला अध्यक्ष मध्य भारत सोशियोलॉजी संगठन ने शोध का मूल्यांकन कर अंतिम मौखिक परीक्षा लिया। विदित हो कि डॉ. महेश मिश्रा पहले भी राष्ट्रपति पुलिस पदक, स्वर्ण पदक और अनेक राष्ट्रीय सम्मानों से सम्मानित हो चुके हैं। अब पीएचडी की उपाधि मिलने से उनके नाम एक और बड़ी उपलब्धि जुड़ गई है। उन्होंने विगत 7 वर्षों में मिले सहयोग के लिए अपने माता-पिता, परिवार एवं गुरूजन के डीआईजी राजेश पाण्डेय, कोरिया जिले की तत्कालीन कलेक्टर चंदन त्रिपाठी, वर्तमान कलेक्टर रोक्तिमा यादव, एसपी रवि कुमार कुर्रे, संत गहिरा गुरू विवि सरगुजा अंबिकापुर के कुलपति प्रो. राजेन्द्र लाकपाले, कुलसचिव डॉ.शारदा प्रसाद त्रिपाठी, शोध समन्वयक डॉ.पीयूष पांडेय, शोध केन्द्र के प्राचार्य डॉ.एजेन टोप्पो, शोध समिति प्रमुख डॉ. विश्वासी एक्का, जिला सेनानी संजय गुप्ता, यातायात प्रभारी बीरबल राजवाड़े, मो. आरिफ ढेबर के साथ जनप्रतिनिधि, मीडिया के प्रतिनिधि के प्रति अपना आभार जताया है।

### नौकरी के साथ पीएचडी तक सफर

गौरतलब है कि डॉ.मिश्रा अकादमिक क्षेत्र में एमए संस्कृत, राजनीति विज्ञान एवं समाजशास्त्र विषयों की परीक्षा में विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान हासिल कर स्वर्ण पदक प्राप्त हैं। डॉ.महेश नौकरी के साथ अपना शोध कार्य जारी रखा। अपने शोध में कोरिया जिले के नागरिकों एवं सड़क उपयोगकर्ताओं के बीच यातायात नियमों के प्रति जागरूकता, नियमों के पालन की स्थिति, दुर्घटनाओं के कारणों तथा सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने के लिए आवश्यक सुझावों का समाजशास्त्रीय दृष्टिकोण से विस्तृत अध्ययन किया गया। डॉ.महेश मिश्रा ने वर्ष 2019 में संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय सरगुजा अंबिकापुर द्वारा आयोजित प्री-पीएचडी प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण की। इसके पश्चात वर्ष 2021-22 में कोर्स वर्क सफलतापूर्वक पूर्ण किया व वर्ष 2023 में शोध शीर्षक का पंजीयन कराया। दीर्घकालीन अध्ययन, क्षेत्रीय सर्वेक्षण एवं वैज्ञानिक शोध पद्धति के माध्यम से शोध कार्य को पूर्ण करते हुए जून 2026 में अंतिम मौखिक परीक्षा फाइनल वाइवा संपन्न हुई।

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार अम्बिकापुर-2 जिला-सरगुजा (छ.ग.)**
रा.प्र.क्र.- 202606021700033/ ब-121/2025-26

**//ईश्तहार//**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अनुक आ.कुलेश्वर प्रसाद व अन्य 05 निवासी ग्राम विशुनपुर तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.) द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की ग्राम ठाकुरपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 621 रकबा 0.110 हे. में से 0.042 हे. भूमि आवेदकगण के आवास हेतु नये मकान के निर्माण तथा आवेदक क्र.04 के ईलाज हेतु रूपयों की आवश्यकता होने के कारण अनावेदिका सविता एक्का पति रीझन एक्का, निवासी म.नं. 128/2 कुसमी, जिला-बलरामपुर- रामानुजगंज (छ.ग.) को रू.26,25,000/- (छब्बीस लाख पच्चीस हजार रूपये) में विक्रय करने की अनुमति हेतु आवेदन पत्र कलेक्टर महोदय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। जो जांच प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 24/07/2026 से पूर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 03/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

**अतिरिक्त तहसीलदार**
**अम्बिकापुर-02**

# कार्रवाई: बिना पंजीयन चल रहे 2 क्लीनिक बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोरिया जिले में गठित संयुक्त निरीक्षण दल द्वारा जिले में झोला छाप डॉक्टरों एवं बिना वैध पंजीयन संचालित स्वास्थ्य संस्थानों के विरूद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में 7 जुलाई को संयुक्त निरीक्षण दल द्वारा बैकुंठपुर स्थित शोभा डेंटल क्लिनिक एवं नागमाता क्लिनिक का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान दोनों संस्थान छग राज्य उपचयार्गृह तथा रोगोपचार संबंधी स्थापना पंजीकरण एवं अनुज्ञापन अधिनियम के अंतर्गत आवश्यक पंजीयन के बिना संचालित पाए गए। उल्लंघन पाए जाने पर निरीक्षण दल द्वारा दोनों क्लिनिकों का संचालन तत्काल प्रभाव से बंद कराया गया तथा संबंधित संचालकों के विरूद्ध अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार आवश्यक वैधानिक कार्यवाही प्रारंभ की गई।






कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव के निर्देशानुसार एवं जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.प्रशांत सिंह ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि भविष्य में कोरिया जिले के किसी भी क्षेत्र में बिना वैध पंजीयन संचालित अस्पताल, क्लिनिक, नर्सिंग होम अथवा अन्य स्वास्थ्य संस्थान पाए जाने पर उनके विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। किसी भी प्रकार की अनियमितता अथवा नियमों के उल्लंघन को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिले में ऐसे संस्थानों के विरूद्ध निरीक्षण एवं प्रवर्तन अभियान निरंतर जारी रहेगा। इस निरीक्षण एवं कार्रवाई में आलोक मिंज औषधि निरीक्षक, विकास लकड़ा औषधि निरीक्षक, श्रीमती सरोजनी राय डिप्टी एमईआईओ तथा प्रदीप सूर्यवंशी नर्सिंग होम एक्ट शाखा प्रभारी उपस्थित रहे।

### अवैध शराब के खिलाफ सख्ती 69 प्रकरण न्यायालय में

जिले में अवैध शराब के निर्माण, परिवहन, तस्करी और बिक्री के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत आबकारी विभाग ने अब तक 69 प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किए हैं, जबकि 12 शराब तस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। आबकारी नियंत्रण कक्ष में प्राप्त शिकायतों के आधार पर ग्राम मधौरा (सोनहत)के पप्पा देव कुमार रजवार, विमला सोमनाथ रजवार तथा ग्राम घुघरा के दीपक धरमपाल के विरूद्ध अवैध मदिरा से संबंधित आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने पर कार्रवाई की गई। इसी प्रकार ग्राम डुमरिया (पटना) के देवधारी जायसवाल, ग्राम अंगा के दिगंबर लाल नाई एवं उनके पिता के विरुद्ध अवैध मदिरापान कराने के मामले में प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। इसके अलावा जमगहना के संतोष श्रीराम, पुटा के मंगल सोमारसाय, कटोलीपारा के सुशील राजवाड़े, ग्राम बुडार के कृष्ण कुमार तथा ग्राम तर्रा के राघव बंदु के विरुद्ध भी गश्त के दौरान अवैध शराब गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने पर आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई।

# प्रतिभाओं को मिला मंच 51 विद्यार्थियों को पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

- तेजस्विनी शाखा ने दिया शिक्षा, पर्यावरण और बेटी बचाओ का संदेश

सामाजिक सरोकारों और बाल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने की दिशा में तेजस्विनी शाखा, मारवाड़ी युवा मंच मनेन्द्रगढ़ द्वारा रविवार 6 जुलाई को पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला, चनवारीडांड में एक प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में विभिन्न शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं खेल प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों की प्रतिभा को मंच प्रदान किया गया। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 51 विद्यार्थियों को पुरस्कार तथा विद्यालय के 142 बच्चों को उपहार वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम में समाजसेविका एवं तेजस्विनी शाखा की अध्यक्ष श्रीमती अनीता फरमानिया तथा शाखा की सहसचिव श्रीमती मीनू गोयल ने अपने करकमलों से विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं उपहार प्रदान किए। बच्चों के चेहरों पर पुरस्कार प्राप्त करने की खुशी साफ दिखाई दी और पूरे विद्यालय परिसर में उत्साह का माहौल बना रहा। इस अवसर पर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए कविता वाचन, पुस्तक वाचन, सुलेख,



चित्रकला, रंगोली, कुर्सी दौड़, 100 मीटर दौड़, 50 मीटर दौड़ तथा मेढ़क दौड़ जैसी विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। सभी प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और आत्मविश्वास के साथ भाग लिया। विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित करने के साथ-साथ अन्य प्रतिभागियों का भी मनोबल बढ़ाया गया।

**न्यायालय नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा**
रा.प्र.क्र.- /20(1)/2025-26

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका मोहिउद्दीन अहमद आ./पति मो.आजम जाति धुनिया, निवासी ग्राम आरा, बलरामपुर, तहसील राजपुर, जिला बलरामपुर तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ.ग. के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि मोहल्ला-पर्राडांड, शीट नम्बर-8 नगर अम्बिकापुर स्थित नजूल प्लाट नम्बर 2484/58 रकबा 0.04 एकड़ भूमि का लीज अवधि दिनांक 31.03.2026 को समाप्त हो गई है। जिस कारण आवेदक/आवेदिका द्वारा लीज अवधि बढ़ाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक-20.07.2026 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 06.07.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

**नजूल अधिकारी**
**अम्बिकापुर**

**न्यायालय नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा**
रा.प्र.क्र./.../अ-20(3) / 2025-26

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मोहिउद्दीन अहमद आ.मो.आजम, जाति धुनिया, निवासी ग्राम आरा बलरामपुर, तहसील राजपुर, जिला बलरामपुर-रामानुजगंज, छ.ग. के द्वारा अपने स्वामित्व की शीट नंबर -08 मोहल्ला पर्राडांड, नगर अम्बिकापुर स्थित नजूल भूखण्ड क्रमांक 2484/58 रकबा 0.04 एकड़ में से रकबा 0.02 एकड़ भूमि को अनावेदक/क्रेता रूकनिया फातिमा पत्नी मोहम्मद वसीम, जाति धुनिया निवासी ग्राम आरा बलरामपुर, तहसील राजपुर, जिला बलरामपुर-रामानुजगंज छ.ग. के पास विक्रय करने की अनापत्ति प्रमाण पत्र हेतु मेन्टेनेन्स खसरा, शपथ पत्र की छायाप्रति सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त भू-खण्ड के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा-आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 20.07.2026 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 06.07.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

**नजूल अधिकारी**
**अम्बिकापुर**

**उच्च शिक्षा हेतु आर्थिक सहयोग**
सरगुजा, सूरजपुर एवं बलरामपुर जिले के ऐसे प्रतिभावान छात्र जो 12वीं के बाद आर्थिक कारणों से BE, M-TECH, M.B.B.S. एवं M.D. प्रवेश लेने के बावजूद आगे की पढ़ाई जारी नहीं रख पाते है। हम ऐसे छात्रों की प्रतिभा को निखारने की कोशिश करते हैं, आर्थिक मदद देकर जिससे वे अपने सपनों को पूरा कर लक्ष्य को प्राप्त कर सकें
कृपया ऐसे छात्र निम्न पते पर हमें संपर्क कर सकते है एवं ट्रस्ट की वेबसाईट www.sujanidevitrust.org पर भी online आवेदन कर सकते है
आवेदन की अंतिम तिथि 15 जुलाई 2026
सुजानी देवी ट्रस्ट
अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा (छ.ग.)
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें
मुकेश गोयल, प्रतापपुर मो. 09425585471, 09165794999
अजीत अग्रवाल, महामाया कम्प्यूटर्स ब्रम्ह रोड, अम्बिकापुर मो. 9425254169
प्रदीप सिंघल :- 9425547550

**न्यायालय तहसीलदार दरिमा जिला सरगुजा (छ.ग.)**
राजस्व प्रकरण /ब-121/2026

**ईश्तहार (उद्घोषणा)**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम करेंया थाना व तहसील दरिमा को सूचित किया जाता हैं। कि आवेदक/आवेदिका श्री/ श्रीमती राजनाथ आ. मसतराम निवासी ग्राम करेंया थाना व तहसील दरिमा जिला सरगुजा, छ.ग. के द्वारा उनके दादी रतनी बाई की मृत्यु दिनांक 11/05/2009 है, तथा स्थान करेंया में हुआ है।

इस संबंध में किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो लिखत में स्वयं या अपने अधिवक्ता के द्वारा दावा/आपत्ति दिनांक 21/7/2026 तक प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर सुनावई हेतु विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 7/7/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**दरिमा जिला-सरगुजा (छ.ग.)**

**न्यायालय लिंक कोर्ट देवनगर तहसील रामानुजनगर जिला सूरजपुर (छ.ग.)**
रा.प्र.क/ ब121 / 2021-22 / 2026

**// ईश्तहार //**

ग्राम कोट के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक / आवेदिका फुल कुमारी आ.स्व. जयपाल राम जाति गोंड़ निवासी ग्राम कोट लिंक कोर्ट देवनगर तहसील रामानुजनगर जिला सूरजपुर (छ.ग.) द्वारा आवेदक / आवेदिका आपने पिता स्व. जयपाल राम का विलम्ब / मृत्यु प्रमाण पत्र पंजीयन कराने बावत अनुपलब्धता प्रमाण पत्र, एवं अन्य सहायक दस्तावेज के साथ न्यायालय में आवेदन पत्र पेश किया गया है। मृत्यु दिनांक 14/10/2008

अतः उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वम। अथवा किसी विविध प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 21/7/2026 को न्यायीलयीन समयवधि में उपस्थित होकर दावा / आपत्ति पेश कर सकते है । उसके पश्चात दावा आपत्ति में कोई विचार नही किया जायेगा ।

आज दिनांक 7/7/2026 को न्यायलीन पदमुद्रा एंव मेरे हस्ताक्षर से जारी किया।

**नायब तहसीलदार**
**लिंक कोर्ट देवनगर**
**जिला-सूरजपुर(छ.ग.)**

**न्यायालय नायब तहसीलदार तहसील भैयाथान सूरजपुर (छ.ग.)**
रा.प्र.क्र. ब/121 वर्ष
ग्राम-केवरा प.ह.न. 12

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक पूजा पिता कपिल साय जाति पनिका निवासी ग्राम केवरा प.ह.नं.12 रा.नि.मं. भैयाथान तहसील भैयाथान जिला सूरजपुर (छ.ग.) द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि आवेदक के स्वयं पूजा का जन्म दिनांक 7/12/2001 को ग्राम केवरा में हुई है अज्ञानतावश जन्म पंजीयन नहीं करा पाया है। आवेदक अपने स्वयं पूजा का जन्म पंजीयन हेतु ग्राम पंचायत केवरा को आदेशित करने आवेदन पेश किया है। जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 13/07/26 तक अपना आपत्ति इस न्यायालय में पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 02/07/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार**
**भैयाथान**
**जिला-सूरजपुर (छ.ग.)**

**TOP IN SURGUJA**
**GURUKRIPA COLLEGE** ADMISSION GUIDENS 2026-27 SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | B. PHARMA, D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 4 & 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742

डॉ. तुषार जैन
M.B.B.S., M.D. (पल्मोनरी मेडिसीन)
श्वॉस, एलर्जी, छाती, निद्रा एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
ब्लड प्रेशर, डायबीटिज, कोरोना एवं स्वाइन फ्लू के पश्चात होने वाली समस्याओं का परामर्श एवं निदान
डॉ.दीपक अग्रवाल (हड्डी रोग विशेषज्ञ)
एम.बी.बी.एस, डी, आर्थो. (एफ.पी.ओ.)
सभी जोड़ों से संबंधित मरीज तथा बच्चों की जन्मजात हड्डी रोग
दिनांक :- 12 जुलाई 2026, रविवार सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

सरगुजा मार्केट

गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL CREATING HEALTHY TOMORROW
CGHS से मान्यता प्राप्त
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
9424250281 | 8120906000 | 8120809000
समय :- सुबह 11:00 बजे से शाम 05 बजे तक
हमारी सेवाएं: गर्भावस्था की सम्पूर्ण देखभाल; सुरक्षित प्रसव सुविधा; बांझपन परामर्श एवं उपचार; पीसीओडी/पीसीओएस उपचार; महिला रोगों की जांच व इलाज; सोनोग्राफी एवं आधुनिक सुविधाएं; डिलीवरी (नार्मल एवं सिजेरियन)
अब महिलाओं की हर समस्या का सम्पूर्ण समाधान !
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ की सम्पूर्ण सुविधाएं उपलब्ध
DR. SONAL DUBEY MBBS, MS (OBSTETRICS & GYNAECOLOGY) LAPAROSCOPIC SURGEON

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

डॉ. शिवानी अग्रवाल
MBBS, MD Pediatrics
देश के श्रेष्ठतम संस्थान PGIMER चंडीगढ़ से प्रशिक्षित नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
बुखार, खांसी एवं संक्रमण; टीकाकरण एवं ग्रोथ मॉनिटरिंग; नवजात एवं बाल स्वास्थ्य पर विशेष परामर्श; बच्चों की सम्पूर्ण देखभाल
OPD समय: सुबह 10:00 बजे – 2:00 बजे शाम 5:00 बजे – 7:00 बजे
24×7 इमरजेंसी सेवा उपलब्ध "स्वस्थ बचपन, उज्ज्वल भविष्य"
प्रकाश हॉस्पिटल
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
मो. 9713667433, 9617247433

THE LOTUS CONSULTANCY JABALPUR
INVITES YOU ALL FOR 2026-27
LOW PACKAGE/MERIT / MANAGEMENT/NRI
MBBS | BDS | MS | MD | BE | B.TECH
ADMISSION STARTED
·COLLEGES COUNSELLING ·DEEMED COLLEGE ·COUNSELLING ·STATE PVT./ GOVT. COLLEGES ·FORM FILLUP ASSISTANCE ·LOW PACKAGE
CG, MP, UP, BIHAR, KARNATAKA CHENNAI MAHARASHTRA, DELHI, HARYANA, UTTARAKHAND, etc..
100% Admission Assistance | Available On Sunday in Ambikapur
CALL FOR PERSONAL GUIDANCE ANU SHARMA 9109920477

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

## खबर संक्षेप



### बस्तामुक्त विद्यालय रुनियाडीह में नशामुक्त जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**बिश्रामपुर।** प्रथम बस्तामुक्त शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रुनियाडीह में पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार ठाकुर के निर्देशन में करंजी चौकी प्रभारी विशाल मिश्रा के नेतृत्व तथा सरपंच सुमित्रा सिंह की उपस्थिति में प्रधान आरक्षक जयप्रकाश कुजूर तथा खेलन राम शांडिल्य द्वारा नशा के विरुद्ध मुहिम चलाते हुए नशामुक्त जागरूकता कार्यक्रम किया गया। संस्था प्रमुख सीमांचल त्रिपाठी द्वारा उपस्थित बच्चों को नशा से होने वाली से समस्या व परेशानी को बताते हुए इससे दूर रहने के लिए बच्चों को प्रेरित किया गया।श्री त्रिपाठी ने कहा कि नशा नाश की जड़ है,साथ ही नशा से होने वाली विभिन्न प्रकार की बीमारियों को बताते हुए इससे दूर रहने तथा समाज को भी दूर रहने के लिए प्रयास करने को कहा गया। प्रधान आरक्षक जयप्रकाश कुजूर द्वारा नशा मुक्त समाज निर्माण हेतु शपथ दिलाया गया। इस दौरान संस्था के शिक्षक रिजवान अंसारी, एम टोप्पो, पूनम गुप्ता सहित अन्य उपस्थित थे।

### शिवनंदनपुर मंडल में मनाई गई श्यामा प्रसाद मुखर्जी जयंती




**बिश्रामपुर।** भाजपा मंडल शिवनंदनपुर के ग्राम पंचायत कुंजनगर में स्थित संत गहिरा गुरु आश्रम में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जन्म जयंती मनाई गई जिसमें मुख्य अतिथि निवर्तमान जिला उपाध्यक्ष अनूप सिन्हा रहे। अन्य अतिथियों में जिला उपाध्यक्ष देवधन राम बिंझिया, मंडल अध्यक्ष हरिश राजवाड़े, विजयराज अग्रवाल, मंजीत सिंह भामरा, भागवत प्रजापति, शितिकांत स्वाई बाबू रहे। स्वागत भाषण हरीश राजवाड़े ने दिया, कार्यक्रम को विजयराज अग्रवाल एवं देवधन राम बिंझिया ने भी संबोधित किया। अंत में मुख्य वक्ता अनूप सिन्हा ने अपने उद्बोधन में कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एक प्रखर राष्ट्रवादी नेता व कुशल संगठन शिल्पी थे,उन्होंने संगठन को मजबूत बनाने के लिए सुझाव भी दिए। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता ही हमारी पूंजी है। हमारा आचरण और व्यवहार लोगों के प्रति अच्छा होना चाहिए।इस अवसर पर मुख्य रूप से विवेक जायसवाल, पार्षद श्यामू साहू, कृष्णपाल बिंझिया, बुलचू राजवाड़े, शांतनु सिंह, अनिता सिंह, गोपाल राजवाड़े, राजेंद्र प्रसाद, पार्षद अंजली राजवाड़े, पार्षद प्रमिला साहू, वंदना चौरसिया, गीता साहू, समीर सिंह, चंद्रशेखर राजवाड़े, दीपक सोनी, संतोष पाठक, तारकेश्वर पटेल, ध्रुवनाथ पांडेय, व अन्य उपस्थित थे, कार्यक्रम का संचालन महामंत्री शितिकांत स्वाईं व आभार देवशरण ने व्यक्त किया।

### प्रशासन ने ढाई ढाई एकड़ जमीन कराया कब्जा मुक्त, होगा साप्ताहिक बाजार का संचालन

**बलरामपुर।** जिले में अवैध अतिक्रमण के खिलाफ जिला प्रशासन ने कड़ी कार्रवाई की है। कलेक्टर के निर्देश पर कार्रवाई कर ढाई एकड़ कब्जा खाली कराया गया। बता दें कि कलेटकर श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी के निर्देशानुसार अवैध अतिक्रमण पर लगातार कार्रवाई की जा रही है इसी कड़ी में विकासखंड बलरामपुर अंतर्गत अनुविभागीय अधिकारी अभिषेक गुप्ता के मार्गदर्शन में राजस्व एवं संयुक्त टीम के द्वारा ग्राम भैंसामुंडा एवं राधाकृष्णनगर में 2.5 एकड़ शासकीय भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया। साप्ताहिक बाजार की सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए लगभग 2.5 एकड़ शासकीय भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया। अतिक्रमण हटने से बाजार के लिए पर्याप्त स्थान उपलब्ध हो गया है, जिससे दुकानदारों और ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलेगी तथा साप्ताहिक बाजार का संचालन अधिक व्यवस्थित एवं सुचारू रूप से किया जा सकेगा। उक्त कार्रवाई सार्वजनिक उपयोग की शासकीय भूमि के संरक्षण और ग्रामीण बाजार व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने अधिकारियों को सार्वजनिक उपयोग की शासकीय भूमि की नियमित निगरानी करते हुए अतिक्रमण की स्थिति में नियमानुसार त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### क्षेत्र में नीलगिरी पेड़ों की अवैध कटाई, जांच के निर्देश



**राजपुर।** सिधमा क्षेत्र में नीलगिरी पेड़ों की कथित अवैध कटाई का मामला सामने आया है। पिछले कुछ दिनों से बड़े पैमाने पर पेड़ों की कटाई कर लकड़ियों को ईंट भट्ठे के पास एकत्रित किया जा रहा है। इसके बाद इन्हें भारी वाहनों के माध्यम से दूसरे राज्यों में भेजे जाने की चर्चा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि बिना वैध अनुमति के पेड़ों की कटाई की जा रही है, जिससे शासन को राजस्व की हानि हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में समय-समय पर बाहरी तस्कर अनुमति का हवाला देकर पेड़ों की कटाई करते हैं और लकड़ी दूसरे राज्यों में खपा देते हैं। हालांकि बीच-बीच में प्रशासन द्वारा कार्रवाई भी की जाती है, लेकिन इसका कोई खास असर दिखाई नहीं दे रहा है। इससे अवैध कटाई में संलिप्त लोगों के हौसले बढ़ते जा रहे हैं। इस संबंध में एसडीएम देवेंद्र प्रधान ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में आया है। नीलगिरी पेड़ों की कटाई की सूचना मिलने पर नायब तहसीलदार को मौके पर जांच के लिए भेजा गया है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार पेड़ कटाई की कोई अनुमति जारी नहीं की गई है।

## पहली बार 12 घंटे के भीतर 76.6 मिमी हुई वर्षा

# झमाझम बारिश से खिले किसानों के चेहरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अम्बिकापुर

**खास बातें**

- खरीफ खेती की तैयारियों में जुटे किसान
- बारिश रोपाई एवं बुनाई में आई तेजी

सरगुजा में पहली बार हुई झमाझम बारिश से किसानों का चेहरा खिल गया है। खेतों में पानी भरने के कारण अब किसान तेजी से धान रोपाई के काम में जुट गए हैं। मौसम विभाग द्वारा पिछले 12 घंटों में 76.6 मिमी वर्षा रिकॉर्ड किया गया है। मौसम विज्ञानी मंगलवार को भी कहीं-कहीं मूसलाधार बारिश होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं।

ओड़िशा के पास खाड़ी में लो-प्रेशर बनने के बाद आसमान पर बादलों का घनत्व बढ़ गया था लेकिन वर्षा नहीं हो रही थी। किसान धान का रोपा लगाने के लिए अच्छी बारिश होने का इंतजार कर रहे थे। अभी तक अधिकांश किसान धान का बीड़ा तक नहीं लगा पाए हैं जबकि पूर्व में लगाया गया बीड़ा अधिक समय होने के कारण अनुपयोगी होने की स्थिति में है। रोपाई के लिए किसान अच्छी बारिश होने का इंतजार कर रहे हैं। सोमवार को अपराह्न 3 बजे अचानक मौसम बदला तथा शहर सहित पूरे जिले भर में झमाझम बारिश हुई। बारिश की रफ्तार इतनी तेज थी कि कुछ ही घंटों में नदी-नाले उफान पर आ गए तथा जगह-जगह जलभराव की समस्या उत्पन्न हो गई। बारिश का क्रम मंगलवार सुबह तक जारी रहा। मौसम कार्यालय द्वारा मंगलवार को सुबह 12 घंटों में 76.6 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई है। मौसम विभाग ने बुधवार के लिए भी येलो अलर्ट जारी किया है तथा मौसम विज्ञानी कुछ स्थानों पर भारी वर्षा होने की संभावना जता रहे हैं। मंगलवार को सुबह देर तक आसमान पर घने बादल छाए रहे तथा हल्की वर्षा भी हुई लेकिन सुबह 10 बजे मौसम साफ हो गया तथा पूरे दिन धूप निकली। सोमवार को हुई बारिश को खरीफ खेती के लिए काफी उपयोगी माना जा रहा है तथा बारिश के बाद किसान उत्साहपूर्वक खेती के कार्यों में जुट गए हैं। झमाझम बारिश के बाद फिलहाल उमस से राहत मिल गई है साथ ही तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई है। मौसम कार्यालय द्वारा मंगलवार को न्यूनतम तापमान 23.5 डिग्री एवं अधिकतम तापमान 30.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है। मौसम विज्ञानियों के अनुसार खाड़ी में सक्रिय लोप्रेशर अवदाब में बदल गया है तथा मध्य प्रदेश की ओर बढ़ रहा है। सोमवार को अवदाब सरगुजा के उपर केंद्रित था जिसके प्रभाव से मूसलाधार वर्षा हुई है। इसके पूर्व रविवार को मैनपाट, उदयपुर सहित आसपास के क्षेत्रों में अच्छी वर्षा हुई थी। मैदानी क्षेत्रों की तुलना में पहाड़ी क्षेत्रों में अधिक वर्षा होने की सूचना है।



खेती की तैयारी करते किसान।

### अब तक 301 मिमी वर्षा

मौसम अधिकारियों के अनुसार मौसम कार्यालय द्वारा मानसून सत्र में अब तक 301 मिमी वर्षा हो चुकी है। मौसम कार्यालय द्वारा जून में 103 मिमी एवं जुलाई के 7 दिनों में 190 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई है। सरगुजा में पूरे मानसून काल में औसत 1220 मिमी वर्षा होती है इस दृष्टि से अब तक मानसून काल की लगभग एक चौथाई वर्षा हो चुकी है। हालाकि अभी भी खरीफ खेती खासकर धान की खेती के लिए अभी भी वर्षा की जरूरत है। वर्षा के अभाव में धान की खेती पिछड़ रही है। धान की रोपाई के लिए एक-दो दिन के अंतराल में नियमित वर्षा होने को जरूरी माना जा रहा है।

### बोता धान का बढ़ा रकबा

समय पर वर्षा नहीं होने के कारण सरगुजा में लगातार बोता धान का रकबा बढ़ रहा है। कृषि विभाग के अनुसार पिछले साल इस अवधि में 28524 हेक्टेयर में बोता धान की बोनी हुई थी जबकि इस बार मात्र 11369 हेक्टेयर में बोता धान की बोनी हुई है। इसके विपरीत 48100 हेक्टेयर लक्ष्य के विपरीत मात्र 446 हेक्टेयर में धान की रोपाई हो सकी है जो लक्ष्य का मात्र 16.21 फीसदी है। इसी तरह मक्का, ज्वार, कोदो आदि खरीफ अनाजों के लिए निर्धारित 101826 हेक्टेयर लक्ष्य के विपरीत 20402 हेक्टेयर क्षेत्र में बोनी हो सकी है जो लक्ष्य का 20.04 प्रतिशत है। दलहन फसलों की बोनी 6.21 प्रतिशत एवं तेलहन फसलों की बोनी 8.20 फीसदी तक ही हो सकी है। कृषि अधिकारी अब धान की रोपाई एवं बोनी के लिए अनुकूल स्थिति बनने एवं खेती के कार्यों में तेजी आने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं।

### वर्षा धान की खेती के लिए अनुकूल

बारिश से धान की रोपाई एवं बोनी के लिए स्थिति अनुकूल है। भविष्य में बारिश बंद होने पर समस्या हो सकती है। खेतों में नमी बढ़ने के कारण मक्का आदि अनाजों की बुनाई करने पर अंकुरण में विलंब होगा तथा बीजों के सड़ने की भी संभावना रहेगी। किसान समय से खेतों की मेढ़बंदी कर लें ताकि पानी भर सके।

-डॉ.प्रदीप कुमार भगत
कृषि वैज्ञानिक

## बंद पड़ी बलरामपुर खदान के स्टोर में सेंधमारी, लोहे का सामान ले गए चोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिश्रामपुर

- विद्युत सप्लाई लाइन का केबल भी काटा

एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र की बंद पड़ी बलरामपुर खदान में सोमवार की देर रात चोरों ने सेंधमारी कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार चोर स्टोर में रखी लोहे की प्लेटें सहित अन्य सामान अज्ञात बदमाश साथ ले गए। वहीं खदान परिसर में लगी विद्युत सप्लाई लाइन की केबल भी काटे जाने की सूचना है। हालांकि, चोरी गए सामान की मात्रा और कीमत का आधिकारिक आकलन अभी सामने नहीं आया है।

जानकारी के अनुसार एसईसीएल की बलरामपुर एवं कुमदा 7-8 खदानें पिछले एक वर्ष से अधिक समय से बंद हैं। प्रबंधन का कहना है कि लगातार घाटे के कारण दोनों खदानों का संचालन बंद किया गया था। खदानें बंद होने के बाद से कबाड़ चोरी की घटनाओं में लगातार बढ़ोतरी होने की बात सामने आ रही है।स्थानीय सूत्रों का आरोप है कि बंद खदान और वर्कशॉप से लोहा, केबल तथा मशीनरी उपकरणों की लगातार चोरी हो रही है, लेकिन कई मामलों में पुलिस में शिकायत दर्ज नहीं कराई जा रही। इससे सुरक्षा व्यवस्था और निगरानी पर भी सवाल उठ रहे हैं। बताया जा रहा है कि 6 जुलाई की रात चोरों ने बलरामपुर खदान के स्टोर में सेंध लगाकर लोहे की प्लेटें सहित अन्य सामग्री चोरी कर ली। इसी दौरान केबल चोरी की नीयत से सप्लाई लाइन की केबल भी काट दी गई। समाचार लिखे जाने तक दोनों मामलों में पुलिस में एफआईआर दर्ज नहीं कराई गई थी। उल्लेखनीय है कि इससे पहले 19-20 अप्रैल की दरम्यानी रात एसईसीएल के रीजनल वर्कशॉप के स्ट्रांग रूम में सेंधमारी कर करीब 2 से 2.5 लाख रुपये मूल्य का कॉपर केबल चोरी होने का मामला भी सामने आया था। उस मामले में भी अब तक एफआईआर दर्ज नहीं होने की चर्चा है, जबकि पूरा रीजनल वर्कशॉप सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में हैं। इस सब के बावजूद चोरी की घटनाएं होने और मामलों को दबाए जाने के आरोप लगते रहे हैं।



## विद्युत सप्लाई बंद होने से आधी रात ग्रामीण पहुंचे सब स्टेशन

हरिभूमि न्यूज. पोड़ी मोड़

- सुधार नहीं होने पर दी आंदोलन की चेतावनी, विद्युत सप्लाई बंद होने से एक दर्जन गांव में छाया अंधेरा

क्षेत्र में लगातार दो दिनों से रात को विद्युत सप्लाई बंद कर देने से नाराज हुए लगभग एक दर्जन गांव के लोग आधी रात विद्युत सब स्टेशन पहुंचे और विद्युत सप्लाई सुधार किए जाने की मांग की। साथ ही सुधार नहीं होने पर आंदोलन करने की चेतावनी दी।

क्षेत्र के लगभग एक दर्जन से भी अधिक गांव के ग्रामीण बिजली विभाग के कर्मचारियों के मनमानी रवैया से परेशान है। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले लगातार दो दिनों से रात 11 बजे रात के बाद विद्युत सप्लाई बंद कर दिया जाता है और सुबह ठीक 5 बजे चालू कर दिया जाता है। रात के समय विद्युत सप्लाई बंद करने से नाराज हुए ग्रामीणों ने आधी रात विद्युत सब स्टेशन बड़ी संख्या में पहुंचे और विद्युत सप्लाई चालू करवाया। ग्रामीणों ने बताया कि कर्मचारी मनमानी तरीके से बारिश और मौसम खराब नहीं होने के बावजूद भैंसामुंडा -पोडी मोड फीटर को बंद कर देते हैं। विद्युत सप्लाई बंद होने से सरहरी, पोड़ी मोड़, हरिहरपुर, केवरा, दवनकरा, सिंगरी, मटिगढा, दरहोरा, पार्वतीपुर, सेमरा खुर्द, परमेश्वरपुर, चैनपुर, सिंघरा में अंधेरा छा जाता है। आए दिन बिजली कटौती की समस्या से परेशान है। ग्रामीणों ने बताया कि यदि हम लोग बिजली विभाग नहीं पहुंचे होते तो कई दिनों तक के समस्या झेलनी पड़ती। इस दौरान पप्पू गुप्ता, गुल्लू कुशवाहा, राजेंद्र सेन, शिवचरण नापित, संजय कुशवाहा, जुगेन्दर कुशवाहा, रामकुमार पटेल, मनोज पटेल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## सिंघरा बस्ती में घुसा दंतैल, लोगों ने शोर मचाकर दौड़ाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ प्रतापपुर

- पलटकर हाथी ने भी ग्रामीणों को दौडाया, जान बचाकर भागे लोग, वीडियो वायरल



जंगल से निकलकर दंतैल क्षेत्र के बीच बस्ती में पहुंच गया। हाथी के गांव में आने के बाद हड़कंप मच गया और बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्रित हो गए और हाथी को शोर मचाकर भगाना शुरू कर दिया। इस दौरान एक बड़ी लापरवाही सामने आई। ग्रामीण लापरवाहीपूर्वक शोर मचाने के साथ ही हाथी के पीछे भाग रहे है। ऐसे में आक्रामक होकर हाथी ने भी ग्रामीणों को दौडाना शुरू कर दिया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। इस तरह खतरनाक तरीके से हाथी के पीछे भागना निश्चित रूप से अपनी मौत को न्यौता देना है। यदि कोई व्यक्ति हाथी की चपेट में आ जाता तो उसकी मौत तय थी।

बता दें कि प्रतापपुर क्षेत्र के जंगलों में हाथियों की मौजूदगी बनी हुई है। हाथी अक्सर जंगल से निकलकर बस्ती के समीप आते है और फसलों और मकानों को नुकसान पहुचाने है। इस बीच रेंज अंतर्गत आने वाले ग्राम सिंघरा में एक दंतैल दिन के समय बस्ती में आ गया। हाथी के गांव में आने की सूचना मिलने के बाद हड़कंप मच गया और बड़ी संख्या में ग्रामीण हाथी को देखने के लिए पहुंच गए। बस्ती में घुसे हुए दंतैल को युवकों ने शोर मचाकर भगाने का प्रयास किया। इस दौरान जंगल की ओर जा रहे हाथी को ग्रामीणों ने पीछे से दौडाया जिससे हाथी भी आक्रामक हो गया और पलटकर ग्रामीणों को दौडाना शुरू कर दिया। हाथी दवरा हमला किए जाने का वीडियो अब सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है जिसमें युवक हाथी को छेड़ते और फिर अपनी जान बचाकर भागते नजर आ रहे है। बस्ती में हाथी के घुसने की जानकारी मिलने के बाद हाथी मित्र दल और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और लोगों को हटाने के साथ ही हाथी पर निगरानी बनाए हुए है। वन विभाग दवाराव गांव और आसपास के क्षेत्रों में मुनादी कर लोगों से विशेष रूप से बारिश के दौरान रात में घरों से बाहर नहीं निकलने, हाथी के नजदीक नहीं जाने और किसी भी तरह की लापरवाही से बचने का आह्वान किया जा रहा है। वन विभाग के अनुसार हाथी की लगातार निगरानी की जा रही है और उसे सुरक्षित तरीके से वापस जंगल की ओर भेजने के प्रयास किए जा रहे हैं। हाथी मित्र दल और ग्रामीणों की सतर्कता के चलते अब तक किसी भी प्रकार की जनहानि या अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली है।

### न्यायालयीन प्रकरणों की मॉनिटरिंग हेतु होगी सीसीएमएस की समीक्षा बैठक

**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग, मंत्रालय नवा रायपुर द्वारा जारी पत्र के अनुसार कलेक्टर द्वारा जारी आदेशानुसार राजस्व विभाग से संबंधित न्यायालयीन प्रकरणों की प्रभावी मॉनिटरिंग एवं समयबद्ध निस्तारण के उद्देश्य से कोर्ट केस मॉनिटरिंग सिस्टम (सीसीएमएस) का संचालन किया जा रहा है, किन्तु जिलों में लंबित न्यायालयीन प्रकरण जो कि उच्च न्यायालय बिलासपुर में विचाराधीन है। उच्च न्यायालय बिलासपुर में वर्तमान में सरगुजा जिले के 264 प्रकरण लंबित हैं। उक्त प्रकरणों में नियुक्त प्रभारी अधिकारियों द्वारा समयावधि में जवाबदावा नहीं किया जा रहा है। जिससे अवमानना की स्थिति निर्मित हो रही है। जिला स्तर पर कोर्ट केस मॉनिटरिंग सिस्टमपोर्टल के सुचारू संचालन, अनुश्रवण करने हेतु प्रभारी अधिकारी न्यायिक शाखा एवं अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी सरगुजा को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। वे प्रत्येक माह के अंतिम सप्ताह में (सीसीएमएस) की समीक्षा बैठक आयोजित कर न्यायालयीन प्रकरणों की अद्यतन स्थिति से छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग को अवगत कराएंगे।

## शाला प्रवेश उत्सव में नवप्रवेशी बच्चों का स्वागत

**भैयाथान।** स्थानीय मंगल भवन में विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन जिला सदस्य अनुज राजवाड़े एवं जनपद पंचायत उपाध्यक्ष राजीव प्रताप सिंह के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। इसके बाद नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर, मुंह मीठा कराते हुए स्कूल बैग एवं शैक्षणिक सामग्री प्रदान कर विद्यालय में प्रवेश कराया गया। वहीं बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया तथा दिव्यांग विद्यार्थियों को सहायक उपकरण वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

इस अवसर पर कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा में 93 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले रोशन लाल राजवाड़े तथा 92-92 प्रतिशत अंक अर्जित करने वाले सुरेश कुमार एवं विनय कुशवाहा को सम्मानित किया गया। वहीं कक्षा 10वीं में 96 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली ज्योति राजवाड़े, 93 प्रतिशत अंक अर्जित करने वाली अंकिता सिंह तथा 91 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले चंद्रलाल राजवाड़े को प्रशस्ति-पत्र एवं सम्मान देकर उनकी उपलब्धि की सराहना की गई।समावेशी शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दिव्यांग विद्यार्थियों को भी आवश्यक सहायक सामग्री वितरित की गई। मनीष देवांगन एवं सचिन यादव को दिव्यांग किट तथा कुमारी निशा को ट्राइसाइकिल प्रदान की गई। अतिथियों ने कहा कि ऐसे संसाधन दिव्यांग विद्यार्थियों की शिक्षा को सुगम बनाने के साथ-साथ उनमें आत्मविश्वास भी बढ़ता हैं। कार्यक्रम को सुनील साहू, प्रकाश दुबे, अभय प्रताप सिंह, राजू कुमार गुप्ता, रमेश गुप्ता एवं महेंद्र सिंह मार्को ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन फातिमा शेखरा एवं जुगेंद्र सोनी ने किया। इस दौरान सावन गोयल, रूपेंद्र कुशवाहा, सौरभ साहू, विकासखंड शिक्षा अधिकारी फूलसाय मरावी, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी घनश्याम सिंह, बीआरसीसी सुरेंद्र दुबे सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, शिक्षक-शिक्षिकाएं, एवं बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे।



## कलेक्टर ने सार्थक आवासीय वॉलीबॉल अकादमी का किया निरीक्षण

**सूरजपुर।** जिला प्रशासन एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा संचालित सार्थक आवासीय वॉलीबॉल अकादमी का निरीक्षण कलेक्टर श्रीमती रेना जमील ने किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अकादमी में संचालित खेल गतिविधियों, वॉलीबॉल कोर्ट निर्माण कार्य तथा बालक छात्रावास की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

कलेक्टर श्रीमती रेना जमील ने निर्माण एजेंसी को निर्देशित किया कि आगामी 29 अगस्त राष्ट्रीय खेल दिवस से पूर्व वॉलीबॉल कोर्ट का निर्माण कार्य पूर्ण किया जाए, ताकि खिलाड़ियों को बेहतर खेल सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। उन्होंने बालक खिलाड़ियों के आवास हेतु छात्रावास का भी निरीक्षण किया और आवश्यक व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि जिले में खेलों को बढ़ावा देने के लिए गुणवत्तापूर्ण खेल अधोसंरचना विकसित करना आवश्यक है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि सार्थक आवासीय वॉलीबॉल अकादमी से प्रशिक्षित खिलाड़ी भविष्य में राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे और जिले का नाम रोशन करेंगे। साथ ही उन्होंने जिले में खेल संस्कृति के विकास एवं युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने पर बल दिया। इस दौरान खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण, राम श्रृंगार यादव, कार्यपालन अभियंता पवित्रा प्रधान, राजनाथ गुप्ता, बलवीर सिंह एवं आशीष उपस्थित रहे।



### रामेश्वर नगर में किया समूह जल प्रदाय योजना का निरीक्षण

कलेक्टर श्रीमती रेना जमील ने जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत स्वीकृत रामानुजनगर–प्रेमनगर–नवगई समूह जल प्रदाय योजना के प्रगतिरत कार्यों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान कलेक्टर ने योजना अंतर्गत स्वीकृत समस्त अवयवों की बारीकी से समीक्षा करते हुए कार्यों को शीघ्र अति शीघ्र पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए। निरीक्षण में कलेक्टर श्रीमती जमील ने विकासखण्ड प्रेमनगर के ग्राम रामेश्वरनगर में बांगो बांध के टेल इंड में निर्माणाधीन फ्लोटिंग पोन्टून के कार्यों का अवलोकन किया। इसके पश्चात ग्राम महेशपुर में निर्माणाधीन 20 एमएलडी क्षमता के जल शोधन संयंत्र के प्रगतिरत कार्यों का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने संबंधित अभियंताओं से अब तक पूर्ण किये गए कार्यों की प्रगति की जानकारी ली एवं यह भी जाना कि योजना को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के लिए किन-किन विभागों के साथ समन्वय की आवश्यकता है। उन्होंने अधिकारियों को आपसी समन्वय बनाकर कार्य में गति लाने तथा गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने पीएचई के कार्यपालन अभियंता एवं संबंधित ठेकेदार को योजना के समस्त कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान जिपं सीईओ विजेन्द्र सिंह पाटले, एसडीएम, कार्यपालन अभियंता, सहायक अभियंता सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव में शामिल हुए विधायक, तिलक लगाकर कराया शाला प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अम्बिकापुर

सोमवार को जनपद पंचायत अंतर्गत के शासकीय हाई स्कूल घंघरी में संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में विधायक प्रबोध मिंज मुख्य अतिथि के रूप में एवं विशिष्ट अतिथि जिपं सदस्य श्रीमती दिव्या सिंह सिसोदिया शामिल हुई। छात्र-छात्राओं द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से अतिथियों का मन मुग्ध कर दिया।

प्राचार्य श्रीमती उमा सिन्हा एवं वरिष्ठ अध्यापकों, ग्रामीणों के ने अतिथियों का स्वागत किया। इसके साथ ही नए शैक्षणिक सत्र के अवसर पर नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं का तिलक लगा कर मिठाई खिलाकर निःशुल्क पाठ्य पुस्तक एवं गणेश वितरण किया गया। इस दौरान गत वर्ष बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र- छात्राओं को विधायक द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान विधायक श्री मिंज ने कहा कि प्रवेश उत्सव केवल एक कार्यक्रम नहीं बल्कि छात्राओं के उज्जवल भविष्य की मजबूत शुरुआत प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से जोड़ना हम सब की जिम्मेदारी है। उन्होंने अभिभावकों से भी अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने का आह्वान करते हुए कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है जो बच्चों को आत्मनिर्भर जागरूक और सफल नागरिक बनाती है। इस दौरान प्रेमानंद तिग्गा, मनीष ली, राजेश राजवाड़े, श्रीमती भारतीय राजवाड़े, रामप्रसाद, रविंद्र, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे।




### ब्लाक स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव में विधायक मिंज हुए शामिल

जनपद पंचायत लुण्ड्रा के सभा कक्ष में ब्लाक स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। शाला प्रवेश उत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक लुण्ड्रा प्रबोध मिंज शामिल हुए। इसके साथ ही विशिष्ट अतिथि जिपं अध्यक्ष श्रीमती निरुपा सिंह व जिपं उपाध्यक्ष देवनारायण यादव, श्रीमती कृष्णा पावले, श्रीमती कंचन जायसवाल उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान बीईओ मनीष कुमार, एबीईओ जय प्रकाश गुप्ता ने अतिथियों का स्वागत किया। इस दौरान अतिथियों ने नए शैक्षणिक सत्र के अवसर पर नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं का तिलक लगा कर मिठाई खिलाकर निःशुल्क पाठ्य पुस्तक एवं गणेश वितरण किया गया इ.स दौरान गत वर्ष बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र- छात्राओं विधायक द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष सतीश कुमार जायसवाल, संजय गुप्ता, अभिषेक पालवे, सोमार साय, श्रीमती प्रभा सोनी, श्रीमती कुसुम कांन्ता, बुद्धराम नागेश, मुख्य कार्यपालन अधिकारी लुण्ड्रा दिनेश तिवारी सहित अन्य मौजूद थे।



## खबर संक्षेप

### अरविन्द तिवारी को मिली डॉक्ट्रेट उपाधि



**अम्बिकापुर।** श्री साई बाबा आदर्श महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक अरविन्द तिवारी को वनस्पति विज्ञान के स्टडी ऑन प्लांट्स यूज्ड बाई हिल कोरवा ऑफ़ सरगुजा रिजन विषय पर शोध कार्य के लिए संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय की डॉक्ट्रेट उपाधि प्रदान की गयी है। उन्होंने स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. रिजवान उल्ला के मार्गदर्शन में शोध केन्द्र राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय से शोध कार्य किया है।

### इलाज के अभाव में किशोर के सिर के घाव में पड़े कीड़े

**बिहारपुर।** समय पर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध नहीं होने के कारण संरक्षित जनजाति पण्डो समुदाय के एक बच्चे की स्वास्थ्य समस्याएं बढ़ गई है। उपचार के अभाव में ग्राम पंचायत कोल्हुआ अंतर्गत ग्राम भाटपारा निवासी एक चार वर्षीय बच्चे के सिर में हुए फोड़े में कीड़े पड़ गए है। एक वर्ष पूर्व कलेक्टर के भ्रमण के दौरान पण्डो समुदाय के एक व्यक्ति के हाथ के घाव में कीड़ा पड़ने की घटना सामने आई थी जिसपर कलेक्टर ने पण्डो बहुल गांवों में शिविर लगाकर इलाज करने के निर्देश दिए थे। स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रभावित क्षेत्रों में शिविर लगाकर समुदाय के लोगों का उपचार किया गया था। वर्तमान में भाटपारा निवासी नान जी पण्डो के चार वर्षीय पुत्र सुमीत पण्डो के सिर के घाव में कीड़ा पड़ने की जानकारी मिली है। परिजन ने बताया कि स्थिति से मितानिन को अवगत कराया तो उसने दवा दे दी तथा एक-दो दिन में अस्पताल ले जाने का आश्वासन दिया। लम्बे समय से मितानिन द्वारा अस्पताल ले जाने की जानकारी मिलने पर उपसरपंच विजेंद्र साहू ने बच्चे की मदद करने की पहल की तो मितानिन विवाद करने लगी। इधर बच्चे के सिर के घाव में छेद हो गए हैं तथा कीड़े निकल रहे हैं। गांव में उपस्वास्थ्य केंद्र भी है लेकिन कर्मचारियों की कमी होने के कारण ओपीडी का नियमित संचालन नहीं हो रहा है। क्षेत्र में अन्य स्वास्थ्य केंद्र भी हैं लेकिन जागरूकता के अभाव में परिजन बच्चे का उपचार नहीं करा पा रहे हैं तथा उसकी हालत लगातार बिगड़ते जा रही है। इस संबंध में सीएमएचओ डॉ.केडी पैकरा ने बताया कि बच्चे का उपचार सूरजपुर जिला चिकित्सालय में कराने की पहल की जाएगी। मैं तत्काल क्षेत्र के स्वास्थ्य कर्मियों से संपर्क करता हूं।

### खेतों से केबल चोरी करने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** पुसौर थाना क्षेत्र में किसानों के खेतों से बोरवेल के केबल वायर चोरी करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के कब्जे से चोरी के केबल को जलाकर निकाला गया करीब दो किलोग्राम तांबे का तार और वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की गई है। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश करने के बाद न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

## पेज 1 के शेष...

### नाबालिग से लैंगिक उत्पीड़न...

के अर्थदंड का आदेश दिया गया। सह-अभियुक्त शाहरुख को पॉक्सो अधिनियम की धारा 16,17 के तहत 5 वर्ष के सश्रम कारावास तथा 20 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया गया। दोनों को जिला जेल भेज दिया गया। न्यायालय ने अपने आदेश में यह भी निर्देश दिया कि नाबालिग को अवैध रूप से नौकरी पर रखने तथा राशन कार्ड से संबंधित कार्यों में कथित धन उगाही एवं भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी द्वारा कराई जाए। मामले में शासन की ओर से विशेष लोक अभियोजक राजेन्द्र कुमार गुप्ता ने पैरवी की जबकि अभियुक्तों की ओर से अधिवक्ता राजीव दुबे उपस्थित रहे।

### खराब मौसम में एक घंटे तक...

के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल प्रबंधन द्वारा घटना की सूचना जयनगर पुलिस को दी गई।अस्पताल की मर्च्युरी खराब होने के कारण पुलिस ने शव को एसईसीएल केंद्रीय चिकित्सालय की मर्च्युरी में सुरक्षित रखवाया,मंगलवार को पंचनामा एवं पोस्टमार्टम की कार्रवाई पूरी होने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस के अनुसार अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि किस वाहन ने बाइक को टक्कर मारी। दुर्घटनाकारी वाहन की पहचान के लिए पुलिस घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। मामले की जांच जारी है।बताया गया कि घटना के वक्त बारिश हो रही थी,बारिश के कारण भी घटना स्थल के आसपास किसी के नहीं होने के कारण दुर्घटना में शामिल वाहन की पहचान नहीं हो सकी है।जयनगर पुलिस मामले में अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

## ठेकेदार की लापरवाही से बतौली मुख्यालय से टूटा छह गांवों का संपर्क

# भारी बारिश से बहे निर्माणाधीन पुलिया के पास बने तीन डायवर्सन मार्ग



क्षतिग्रस्त डायवर्सन मार्ग।

### एकांकी मार्ग अवरुद्ध



बतौली मुख्यालय आने के लिए 6 गांव करदना, कदनई, लोटाभावना, झोजा, कोरकोट ढाब, लैगू का संपर्क टूट चुका है। हाई स्कूल,मिडिल स्कूल, प्राथमिक विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र छात्राओं एवं कॉलेज के विद्यार्थियों की परेशानी बढ़ गई है वहीं परिवहन में लगे यात्री बस के भी पहिए थम गए है। ऐसे में छह गांव के ग्रामीणों का सीधा संपर्क पूरी तरह से टूट चुका है। इसके अलावा स्कूल जाने के लिए शिक्षक पुलिया के अभाव और मार्ग बाधित होने से 3 किलोमीटर पैदल चलकर स्कूल पहुंचे को मजबूर है।

#### 6 गांव के लोग प्रभावित

बरसात आते ही किसान न सिर्फ खेत की तैयारी में जुट जाते है बल्कि खाद, बीज की व्यवस्था में लग जाते है। इधर निर्माणाधीन पुलिया डायवर्सन मार्ग के बह जाने से किसान खाद बीज बतौली से किस तरह लेकर आए इसे लेकर चिंतित है। के अलावा क्षेत्र के लोगों का तहसील, थाना, जनपद, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहित दैनिक कार्य ज्यादा प्रभावित हुए है।

#### एकांकी मार्ग का ही सहारा

ग्राम करदना, ग्राम कदनई सहित 6 गांव में पहुंचने यह एकांकी मार्ग ही सहारा है जो ठेकेदार के लापरवाही से 3 पुलिया निर्माणाधीन है अब बरसात के तीन महीने में हालत टापू बनने के कगार में है। ग्राम करदना व कदनई सहित 6 गांव पहाड़ी क्षेत्र होने से अत्यधिक बारिश भी होती है जिससे प्रत्येक वर्ष बरसात में इस एकांकी मार्ग में पुलिया बह जाता है। इसी के मद्देनजर प्रधानमंत्री सड़क में बन रहे पुलिया निर्माण में की लापरवाही लोगों के लिए मुसीबत बन चुका है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेदम

ग्राम करदना सहित आसपास के छह गांव के लोगों को बेहतर आवागमन की सुविधा उपलब्ध हो सके इसे ध्यान में रखकर दिसंबर माह में क्षेत्र के 9 किमी दायरे में तीन पुलिया निर्माण का काम शुरू किया गया। हैरानी की बात तो यह है कि निर्माण शुरू हुए कई माह बीत गए लेकिन पुलिया निर्माण पूरा नहीं हो सका। आलम यह है कि गत दिन हुई भारी बारिश से पुलिया के समीप बनाने गए तीन डायवर्सन मार्ग बह गया जिससे बतौली मुख्यालय से पांच गांव का संपर्क टूट गया। ऐसे में ठेकेदार की लापरवाही और कछुआ चाल से हो रहे पुलिया निर्माण का खामियाजा क्षेत्र के लोग भुगतने को मजबूर है।

**खास बात**

- शिक्षक 3 किमी पैदल चलकर पहुंचे स्कूल

बतौली से ग्राम पंचायत करदना पहुंच मार्ग में 9 किलोमीटर के दायरे में कोरकोट ढाब, शिवसाय घर के पास लैगू, तिलाईघाट के नीचे प्रधानमंत्री सड़क में ठेकेदार के माध्यम से लाखों की राशि से तीन पुलिया का निर्माण माह दिसम्बर 2025 व जनवरी में पुलिया बनाने नींव खुदाई किया गया था। 5 महीने अधिक का समय बीत जाने के बाद भी पुलिया का निर्माण पूरा नहीं किया जा सका है। सोमवार को बतौली क्षेत्र में हुई भारी बारिश के कारण करदना पहुंच मार्ग में निर्माणाधीन पुलिया के पास बने 3 डायवर्सन मार्ग भारी बारिश होने से बह गया जिससे ग्राम करदाना सहित छह गांवों का संपर्क बतौली मुख्यालय से टूट गया। तीन डायवर्सन मार्ग के बारिश से बह जाने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया है। ग्रामीणों को कहना है कि पुलिया निर्माण शुरू हुए कई माह हो चुके है बावजूद इसके ठेकेदार की लापरवाही के कारण आज तक पुलिया निर्माण पूरा नहीं हो सका और बतौली से 6 गांव का संपर्क टूट गया। डायवर्सन मार्ग क्षतिग्रस्त हो जाने से स्कूली बच्चों सहित किसान, शिक्षक, शिक्षिकाएं और गांव के लोग प्रभावित हुए है। जबकि स्कूल पहुंचने 3 किलोमीटर पैदल चलकर शिक्षक संस्था जाने को मजबूर है। अब बरसात आते ही तीनों पुलिया में बने डायवर्सन मार्ग पानी में बह जाने से ग्रामीणों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

**बनाया जाएगा डायवर्सन मार्ग**

भारी बारिश से निर्माणाधीन पुलिया के समीप बनाए गए डायवर्सन मार्ग बह गया है। आवागमन में लोगों को हो रही परेशानी के मद्देनजर समस्या को दूर करने पाइप डालकर डायवर्सन मार्ग बनाया जाएगा।

-विकास कौशिक
ई प्रधानमंत्री सड़क



## क्षेत्र में भारी बारिश से नेशनल हाईवे-343 का डायवर्सन धंसा

**राजपुर।** जिले में लगातार हो रही बारिश का असर निर्माणाधीन नेशनल हाईवे-343 पर भी देखने को मिला। राजपुर-बलरामपुर मार्ग पर ग्राम पस्ता के समीप पुलिया निर्माण के लिए बनाए गए अस्थाई डायवर्सन के अचानक धंस जाने से मंगलवार की तड़के करीब 4 बजे से यातायात पूरी तरह ठप हो गया। घटना के बाद सड़क के दोनों ओर छोटे-बड़े वाहनों की लंबी कतार लग गई और स्कूली बच्चों, यात्रियों, एंबुलेंस तथा मालवाहक वाहन घंटों तक जाम में फंसे रहे।

- छह घंटे तक यातायात रहा बाधित, स्कूली बच्चे समेत लोग जाम में फंसे
- सड़क के दोनों ओर लगी वाहनों की कतार

लगातार हो रही बारिश के कारण डायवर्सन की मिट्टी कमजोर पड़ गई, जिससे सड़क का एक बड़ा हिस्सा अचानक धंस गया। सड़क बीच बड़ा गड्ढा हो जाने से आवागमन पूरी तरह बंद हो गया और लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। बारिश के बीच सड़क पर अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। कई यात्री घंटों तक अपने वाहनों में फंसे रहे, जबकि स्कूली बच्चों को भी समय पर स्कूल पहुंचने में कठिनाई हुई। इधर घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन, पुलिस तथा निर्माण एजेंसी की टीम मौके पर पहुंची। अधिकारियों ने तत्काल जेसीबी और अन्य मशीनों की सहायता से डायवर्सन की मरम्मत का कार्य शुरू कराया। करीब सुबह 10 बजे कड़ी मशक्कत के बाद सीमित रूप से वाहनों का आवागमन शुरू कराया गया, जिससे लोगों ने राहत की सांस ली। हालांकि मार्ग पूरी तरह सामान्य नहीं हो सका था और भारी वाहनों की आवाजाही प्रभावित रही। स्थानीय लोगों ने निर्माणाधीन हाईवे पर सुरक्षा और गुणवत्ता को लेकर सवाल उठाते हुए। लोगों का कहना था कि बरसात के मौसम में ऐसे अस्थायी डायवर्सन की नियमित निगरानी और मजबूती सुनिश्चित की जानी चाहिए। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं से बचने के लिए स्थायी और सुरक्षित वैकल्पिक व्यवस्था की जाए, ताकि आमजन को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।

## पहली ही बारिश में टूटी 4.88 करोड़ की नहर, मरम्मत में भी तकनीकी मानकों की अनदेखी का आरोप



**रामानुजगंज।** जल संसाधन विभाग की करीब 5.50 करोड़ रुपये की भाला गिरवानी सिंचाई परियोजना पहली ही तेज बारिश में सवालों के घेरे में आ गई है। लगभग 4.88 करोड़ रुपये की लागत से निर्माणाधीन कंक्रीट नहर कई स्थानों पर क्षतिग्रस्त हो गई। हैरानी की बात तो यह है कि नहर टूटने के बाद किए जा रहे मरम्मत कार्य में भी वाइब्रेटर मशीन का उपयोग नहीं किया जा रहा, बल्कि कंक्रीट को डंडों से दबाकर कार्य किया जा रहा है, जिससे निर्माण गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो गए हैं।
जानकारी के अनुसार घाघा नदी से निकाली जा रही 5.5 किलोमीटर लंबी इस नहर से भाला, विजय नगर सहित आसपास के गांवों की लगभग 200 हेक्टेयर कृषि भूमि को सिंचाई सुविधा मिलनी है। लेकिन निर्माण पूरा होने से पहले ही पहली बारिश में नहर टूट जाने से किसानों की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। स्थानीय किसान सरवन सोनी, इफ्तेखार खान, विनीत गुप्ता और रामकुमार धुर्वे का आरोप है कि निर्माण कार्य के दौरान ही उन्होंने गुणवत्ता संबंधी शिकायत विभाग के अधिकारियों से की थीं। बावजूद इसके निर्माण में मानक के अनुरूप सामग्री का उपयोग नहीं किया गया, कंक्रीट की उचित क्योरिंग और न ही विभागीय निगरानी की गई। ग्रामीणों का कहना है कि मरम्मत के दौरान भी तकनीकी मानकों का पालन नहीं किया जा रहा है। कंक्रीट कार्य में जहां वाइब्रेटर मशीन का उपयोग आवश्यक माना जाता है, वहां मजदूर डंडों से कंक्रीट को दबाकर काम कर रहे हैं। इससे मरम्मत की गुणवत्ता पर भी गंभीर सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीणों ने पूरे मामले की उच्च स्तरीय तकनीकी जांच कराकर दोषी अधिकारियों एवं संबंधित ठेकेदार के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। साथ ही परियोजना का निर्माण निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुरूप कराने की मांग भी उठाई है। इस संबंध में जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता ने बताया कि उन्हें मामले की जानकारी मिली है। निरीक्षण के लिए एसडीओ को मौके पर भेजा जा रहा है और रिपोर्ट मिलने के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## बारिश बनी मुसीबत, एनएच-343 पर कीचड़ में फंस रहे वाहन



**रामानुजगंज।** एनएच-343 के निर्माण कार्य के बीच बारिश ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। रामानुजगंज से बलरामपुर तक कई जगह सड़क कीचड़ में तब्दील हो गई है। खासकर नवापारा पुलिया के पास वन-वे सर्विस लेन पर छोटे वाहन और बाइक चालक सबसे ज्यादा परेशान हैं। वाहन फंसने से आए दिन जाम की स्थिति बन रही है और लोगों का सफर जोखिम भरा हो गया है।

- निर्माण कार्य की धीमी रफ्तार से बढ़ी परेशानी

जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग-343 के निर्माण कार्य के चलते रामानुजगंज से बलरामपुर तक का सफर इन दिनों लोगों के लिए बड़ी चुनौती बन गया है। बारिश के कारण निर्माणाधीन सड़क कई स्थानों पर पूरी तरह कीचड़ में तब्दील हो गई है। हालत यह है कि बाइक से यात्रा करना खतरे से खाली नहीं रह गया है, जबकि छोटे चार पहिया वाहन भी जगह-जगह फंस रहे हैं। सबसे अधिक परेशानी आरागाही के नवापारा के समीप निर्माणाधीन पुलिया क्षेत्र में हो रही है। पुलिया निर्माण के कारण वाहनों की आवाजाही वन-वे सर्विस लेन से कराई जा रही है। लगातार बारिश से यह सर्विस रोड पूरी तरह दलदल जैसी हो गई है। कीचड़ इतना ज्यादा है कि वाहन फिसल रहे हैं और कई बार उनके पहिए मिट्टी में धंस जा रहे हैं। ऐसे में वाहन चालकों को स्थानीय लोगों की मदद से गाड़ियों को निकालना पड़ता है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पिकअप, ऑटो एवं अन्य छोटे वाहन आए दिन रास्ते में फंस रहे हैं। एक वाहन के फंसते ही पीछे वाहनों की लंबी कतार लग जाती है और जाम की स्थिति बन जाती है। कई बार लोगों को घंटों तक सड़क पर इंतजार करना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा परेशानी मरीजों, स्कूली बच्चों, शासकीय कार्य के लोगों और रोजाना इस मार्ग से आने-जाने वाले यात्रियों को उठानी पड़ रही है। बाइक चालकों के लिए यह मार्ग सबसे ज्यादा जोखिम भरा साबित हो रहा है। कीचड़ और फिसलन के कारण संतुलन बिगड़ने का खतरा लगातार बना रहता है। कई जगह सड़क पर गड्ढे पानी और मिट्टी से ढक गए हैं, जिससे उनकी गहराई का अंदाजा लगाना भी मुश्किल हो गया है। ऐसे में दुर्घटना की आशंका भी बनी हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि एनएच का निर्माण कार्य लंबे समय से जारी है, लेकिन बारिश शुरू होने के बाद काम की गति और धीमी पड़ गई है। जब तक निर्माण कार्य पूरा नहीं हो जाता, तब तक कम से कम सर्विस लेन को इस तरह व्यवस्थित किया जाए कि लोगों को सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिल सके। बारिश के मौसम में सड़क की मौजूदा स्थिति लोगों के लिए परेशानी का कारण बन गया है। लोगों ने निर्माण एजेंसी और संबंधित विभाग से मांग की है कि नवापारा पुलिया के पास सर्विस रोड पर तत्काल मुरम, गिट्टी या अन्य आवश्यक सामग्री डालकर रास्ते को चलने योग्य बनाया जाए, ताकि रोजाना लगने वाले जाम और दुर्घटना की आशंका से राहत मिल सके।

### रेलवे ट्रैक पर हादसा, तीन लंगूरों की मौके पर मौत

**रायगढ़।** कलमी क्षेत्र में रेलवे ट्रैक के समीप ट्रेन की चपेट में आने से चार लंगूरों की मौत हो गई। हादसे में तीन लंगूरों ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया, जबकि गंभीर रूप से घायल एक अन्य लंगूर को बचाने के प्रयास किए गए, लेकिन उपचार के दौरान उसकी भी मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सोमवार की देर शाम लंगूरों का एक समूह रेलवे लाइन के आसपास विचरण कर रहा था।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

## पुलिस विभाग के खिलाफ एक बार फिर कुर्की की कार्रवाई, बोलेरो वाहन जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज




मोटर दुर्घटना दावा मामले में न्यायालय के आदेश के बावजूद मुआवजा राशि का भुगतान नहीं करने पर पुलिस विभाग के खिलाफ एक बार फिर कुर्की की कार्रवाई की गई है। जिला मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के निर्देश पर रामानुजगंज थाने की एक बोलेरो वाहन जब्त कर न्यायालय परिसर में खड़ी कराई गई। इससे पहले इसी मामले में कैदियों को लाने-ले जाने वाले पुलिस वाहन को भी कुर्क किया जा चुका है।

- न्यायालय के आदेश के बाद मुआवजा राशि का नहीं किया गया था भुगतान

मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण में मुआवजा राशि का भुगतान नहीं किए जाने पर जिला मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण ने पुलिस विभाग के खिलाफ सख्त रुख अपनाया है। न्यायालय के आदेश पर रामानुजगंज थाने की बोलेरो क्रमांक सीजी 03-0038 को कुर्क कर न्यायालय परिसर में जब्त अवस्था में खड़ा कराया गया। यह कार्रवाई एमएसीटी प्रकरण के तहत की गई है। इस मामले में उच्च न्यायालय ने 3 सितंबर 2025 को नारायण यादव एवं अन्य के पक्ष में फैसला सुनाते हुए गृह विभाग को ब्याज सहित लगभग 48 लाख रुपये मुआवजा देने का निर्देश दिया था। निर्धारित समय बीत जाने के बाद भी राशि का भुगतान नहीं किया गया। मुआवजा नहीं मिलने पर पीड़ित पक्ष ने अधिवक्ता आरके पटेल के माध्यम से जिला मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण में निष्पादन याचिका प्रस्तुत की। मामले की सुनवाई के बाद जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने आदेश का पालन सुनिश्चित करने के लिए पुलिस विभाग के वाहन की कुर्की का आदेश जारी किया। पुलिस विभाग के वाहन कुर्की करने का यह पहली कार्रवाई नहीं है। इससे पहले भी इसी प्रकरण में कैदियों के परिवहन में इस्तेमाल होने वाले पुलिस के डग्गा वाहन को न्यायालय के आदेश पर जब्त किया गया था। अब दूसरी बार विभागीय वाहन की कुर्की होने से मामला चर्चा का विषय बन गया है। सूत्रों के अनुसार निष्पादन याचिका में पुलिस विभाग के अन्य वाहनों का भी उल्लेख किया गया है। यदि मुआवजा राशि का जल्द भुगतान नहीं किया गया तो न्यायालय आगे भी इसी तरह की कार्रवाई करते हुए अन्य वाहनों को कुर्क करने का आदेश दे सकता है। न्यायालय की इस कार्रवाई को आदेशों के पालन को सुनिश्चित करने की दिशा में अहम माना जा रहा है। फिलहाल संबंधित विभाग की ओर से राशि जमा कराने को लेकर कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है।

